प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 22.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण जी–राम–जी विधेयक 2025 को दी मंजूरी, राज्य समेत देशभर में विधेयक को लेकर मजदूरों में देखा जा रहा उत्साह।
2. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा के करमदाहा मेला परिसर में 2 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का किया शिलान्यास, कहा– इससे स्थानीय युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार।
3. जामताड़ा पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, मोबाइल और सिम कार्ड किए गए बरामद।
4. मौसम विभाग ने रांची सहित राज्य के सात जिलों में घने कोहरे को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
5. भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहले टी–20 मुकाबले में श्रीलंका को आठ विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला में भारत ने 1–0 की बनाई बढ़त।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विकसित भारत–जी राम जी विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी है। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया था।

*******************

इधर सिमडेगा जिले में जी राम जी योजना को लेकर लोगों में उत्साह है और मजदूरों का कहना है कि योजना के तहत 125 दिन काम मिलने से उनकी आय में बढ़ोतरी होगी।

मनरेगा मजदूर सचिन बाखला, जगतपाल महतो, अनुप केसरी और राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इस योजना से ग्रामीण विकास को गति मिलेगी और गांवों की तस्वीर बदलेगी।

*******************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक करमदाहा मेला परिसर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कल 2 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि 120 दुकानों वाले इस कॉम्प्लेक्स से स्थानीय बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

*******************

हजारीबाग के केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल होने के बाद टॉर्च की रोशनी में परिवार नियोजन का ऑपरेशन किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि वीडियो की जांच कराई जा रही है साथ ही सभी अस्पतालों में वैकल्पिक बिजली व्यवस्था के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, सांसद मनीष जायसवाल ने घटना को गंभीर बताते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई और स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है।

*******************

झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने कल सरायकेला–खरसावां जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने कहा कि अधिकारियों की कमी और गंभीरता के अभाव में जिले में प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

*******************

जामताड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के बांसपहाड़ी जंगल एवं पत्थर खदान के पास से साइबर अपराध में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी देवेंद्र कुमार वर्मा के अनुसार आरोपियों के पास से तीन मोबाइल और चार सिम कार्ड बरामद किए गए हैं और सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

*******************

लोहरदगा जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा वाहन जांच और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

********************

रांची सहित राज्य के सात जिलों में घने कोहरे का प्रकोप जारी है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

********************

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कल रात विशाखापत्तनम में श्रीलंका को पहले टी–20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत एक–शून्य से आगे है। भारत की ओर से जेमिमा रोडिक्स ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अगला मुकाबला 23 दिसंबर को विशाखापत्तनम में ही खेला जाएगा। अंतिम तीन मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने हाइकोर्ट के हवाले से लिखा है –रिम्स की जमीन पर अतिक्रमण मामले में प्रभावितों को दें मुआवजा, दोषी अफसरों –बिल्डरों से वसूलें पैसा।

हिन्दुस्तान ने जी राम जी से 125 दिन का रोजगार तय की खबर को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– झारखंड के 16 जिलों में आज से 5 दिन पड़ेगी कड़ाके की ठंड, सर्दी से 2 की मौत।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– इंटरनेट मीडिया पर ज्यादा समय देने से अधीर और उग्र हो रहे बच्चे।

**************